विशेष उपलब्धि/सफलता की कहानी

जिला का नाम	लाभान्वित हितग्राही का नाम एवं पता	चरवाहा प्रशिक्षण योजना से देवेन्द्र यादव की तकदीर बदली (फोटोग्राफ्स सहित)
धमतरी	श्री देवेन्द्र यादवु पिता स्व. श्री बिसाहू राम यादव ग्राम आमदी वि.ख. धमतरी जिला धमतरी	पशुधन विकास विभाग जिला धमतरी द्वारा वर्ष 2002–03 में विभागीय योजनांतर्गत राउत/चरवाहा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पशु नस्ल सुधार, पशु पोषण (कम लागत उन्नत तकनीकी अंतर्गत धान पैरा यूरिया उपचार) को प्रमुखता से चरवाहो को जानकारी दी गई। जिसके परिणाम स्वरुप कृत्रिम गर्भाधान एवं शतप्रतिशत बधियाकरण चरवाहो के सहयोग से संपादित होने से उत्पादित वत्स गाय बनकर अपनी मां के तुलना में 3 से 4 गुणा दुग्ध उत्पादन प्राप्त हुआ जिससे चरवाहों को मिलने वाली बरवाही 8–10 लीटर से बढकर 60–70 लीटर हो गया है। चरवाहा श्री देवेन्द्र यादवु पिता स्व. श्री बिसाहू राम यादव द्वारा ग्राम आमदी के पशुओं के झुण्ड (बरदी) में पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण जैसे कार्यो को 10 वर्षो से अपनाकर विभिन्न नस्लों के बछिया एवं बछडा उत्पादित हो रहे है, उत्पादित बछिया गाय बनने उपरांत 07 से 08 लीटर दुग्ध उत्पादन कर रही है। किसानों से बरवाही के रुप मे हर 04 थे दिन लगभग 60 लीटर दुग्ध प्राप्त होता है जिसे 30/– रुपये प्रति लीटर की दर से विक्रय कर 1800/– रुपये प्रति बरवाही तथा वर्ष में औसतन 100800/–रुपये बरवाही दुग्ध को बेचकर आय प्राप्त हो रहा है, इनके द्वारा स्वंय के गायों में भी कृत्रिम गर्भाधान करवा कर उन्नत पशुधन प्राप्त हो रहा है, इन्होंनें विगत 05 वर्ष पूर्व 01 एच.एफ.क्रास गाय को 42,000/– रुपये में विक्रय किया वर्तमान में इनके पास 01 एच.एफ.क्रास, तथा 01 गिर गाय है। कृत्रिम गर्भाधान व बधियाकरण करानें पर मानदेय के रुप में प्रतिवर्ष लगभग 4000/– रुपये मिल जाता है इनके द्वारा 80 से 100 किसानों के पशुओ को चराने पर प्रति घर 13 काठा (39 किग्रा.) धान प्राप्त किया जाता है जिससे 50,700/– रुपये की आमदनी होती है, इस प्रकार वार्षिक आय लगभग 1,55,500/– रुपये प्राप्त कर रहा है। इन्होंनें विभाग की नस्ल सुधार योजना को अपनाकर आर्थिक स्थिति को मजबूत कर अपनी झोपडीनुमा घर को पक्का घर बना लिया है।

विशेष उपलब्धि/सफलता की कहानी

जिला का नाम	लाभान्वित हितग्राही का नाम एवं पता	सफलता की कहानी (फोटोग्राफ्स सहित)
धमतरी	श्री हरिश कुमार साहू ग्राम नगरी वि.ख. नगरी जिला धमतरी (छ0ग0)	08 वर्ष पूर्व श्री हरिश कुमार साहू की आय पशुपालन से आय नही के बराबर थी, श्री साहू जी को मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करना पडता था, किन्तु पशुधन विकास विभाग के द्वारा संचालित नस्ल सुधार कार्यक्रम के सहयोग से अपने 01 निपट देशी गाय में कृत्रिम गर्भाधान करवाया जिससे उन्नत नस्ल जर्सीक्रास की बछिया का जन्म हुआ। सतत् कृत्रिम गर्भाधान से वर्तमान में 10 उन्नत नस्ल के गाय व 04 उन्नत नस्ल के बछिया है, जिसका दुग्ध उत्पादन आज के स्थिति में 130–140 लीटर प्रतिदिन इस प्रकार वर्ष में लगभग 50,000 लटर दुग्ध उत्पादन हो रहा है। तथा 50,000 लीटर दुग्ध के विक्रय से लगभग 15,00,000/– (अक्षरी पन्द्रह लाख रुपये) वर्ष में प्राप्त होता है। साहू जी द्वारा हरा चारा एवं कम लागत उन्नत तकनीक धार पैरा युरिया उपचारित पैरा कुट्टी का सतत् उपयोग कर पशु आहार में व्यय होने वाली राशि का बचत कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर रहा है। वर्तमान में गाय पालन बछडा विक्रय व खाद विक्रय से श्री हरिश साहू को वर्ष में लगभग 4,70,000/– रुपये की आमदनी हो रही है तथा उसके दो बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल जिनियस पब्लिक स्कूल नगरी में अध्ययनरत है।

विशेष उपलब्धि/सफलता की कहानी

जिला का नाम	लाभान्वित हितग्राही का नाम एवं पता	सफलता की कहानी (फोटोग्राफ्स सहित)
धमतरी	श्री विरेन्द्र साहू ग्राम देवरी वि.ख. धमतरी	05 वर्ष पूर्व श्री विरेन्द्र साहू की आय कृषि/पशुपालन से आय नही के बराबर थी, श्री साहू जी को कृषि कर अपने परिवार का पालन पोषण करना पडता था, किन्तु पशुधन विकास विभाग के द्वारा संचालित चारा मिनीकिट योजना के तहत वर्ष 2015–16 में हाईब्रीड नेपियर रुट कट्स 05 एकड मे लगाये जिसमें 04 एकड की नेपियर घास सड गई, श्री साहू जी द्वारा सड कर खराब हुए खेत को खाली कर पुनः 04 एकड में नेपियर रुट कट्स लगाये इस तरह साहू जी द्वारा 05 एकड में लगाये गये नेपियर रुट क्ट्स अप्रेल 2018 मे तैयार हो गया तैयार नेपियर घास को साहू जी द्वारा विक्रय का कार्य शुरु किया गया। आज के स्थिति में प्रतिदिन 8 क्विंटल 3 रुपये प्रति किलो की दर से वर्ष में लगभग 2920 क्विंटल नेपियर घास उत्पादन हो रहा है। तथा 2920 क्विंटल नेपियर घास के विक्रय से लगभग 8,76,000/– (अक्षरी आठ लाख छियत्तर हजार रुपये) वर्ष में प्राप्त होता है।